# एशिया के टॉप 50 शिक्षण संस्थानों में आईआईटी इंदौर

इंदौर। एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2019 में आईआईटी इंदौर फिर एशिया के टॉप 50 बेस्ट संस्थानों में शामिल हुआ है। यह रैंकिंग टाइम्स हायर एजुकेशन द्वारा जारी की गई। मार्च में जारी रैंकिंग में भी संस्थान टॉप-50 में शामिल हो चुका है। रैंकिंग में आईआईएससी बैंगलोर टॉप पर है, जबकि दूसरे स्थान पर आईआईटी इंदौर है। रैंकिंग के लिए एशिया के 27 देशों के 400 संस्थानों को शामिल किया गया था, जिनमें से इंदौर आईआईटी भी था। संस्थान ने यह उपलब्धि टीचिंग में 25 फीसदी, रिसर्च में 30 फीसदी, सिटेशंस में 30 फीसदी, इंटरनेशनल मापदंडों में 7.5 फीसदी और इंडस्ट्री में 7.5 फीसदी हिस्सेदारी के साथ हासिल की है। इन पैरामीटर्स के आधार पर 100 में से आईआईटी इंदौर से 44.8 अंक प्राप्त किए। संस्थान के डायरेक्टर प्रो. प्रदीप माथुर कहते हैं संस्थान को यह उपलब्धि यहां लगातार रिसर्च और अंतरराष्ट्रीय मापदंडों को पूरा करने के कारण मिली है। संस्थान का प्रयास हमेशा बेस्ट फेकल्टी को रखने का है, ताकि स्टूडेंट्स को वर्ल्ड क्लास टीचिंग मिल सके।

**Nai Dunia (Indore), 2nd May 2019, Nai Dunia Live, Page-15**